अमर उजाला मथुरा

मथुरा के पेड़े पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म

सांसद हेमा मालिनी की पहल पर दूरदर्शन ने तैयार कराई

मथुरा। विश्व पटल पर मिष्ठान के शौकीन अब मथुरा के पेड़ा की मिठास का अहसास डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से कर सकेंगे। फिल्मी दुनिया की बड़ी हस्ती सांसद हेमा मालिनी ने इसकी पहल की है। इसके लिए मथुरा के पेड़े पर डॉक्यूमेंट्री तैयार की गई है, जिसका प्रसारण शनिवार 4 दिसंबर को रात 8:30 बजे डीडी किसान चैनल और डीडी यूपी पर रविवार 5 दिसंबर को रात 8 बजे किया जाएगा।

पद्मश्री मोहनस्वरूप भाटिया द्वारा लिखित इस डॉक्यूमेंट्री में मथुरा के पेड़ों का इतिहास, विकास, आर्थिक महत्व पर शोध परक जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्रोडक्शन निदेशक सत्यव्रत सिंह ने बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री में एक पेड़ा गीत भी वंदना सिंह और सखियों द्वारा प्रस्तुत किया गया है। कवियों द्वारा पेड़ा का बखान कविता रूप में किया है। सांसद हेमा मालिनी ने डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग में विशेष रुचि ली है। संवाद